Title: Need to run Chambal Express between Howrah-Gwalior daily and also extend it up to Nizamuddin, Delhi.

श्री राम सजीवन (बांदा) : उपाध्यक्ष महोदय, हावड़ा-ग्वालियर के बीच आसनसोल-गया-इलाहाबाद-मानिकपुर-चित्रकूट-बांदा-महोबा-झांसी के रास्ते चम्बल एक्सप्रेस ट्रेन नम्बर 1159-1160 सप्ताह में तीन दिन चलती है। यही ट्रेन नम्बर 1181-1182 के नाम से सप्ताह में एक दिन आगरा तक चलाई जाती है। यह ट्रेन विगत कई वष र्ाों से चल रही है किन्तु सप्ताह में प्रतिदिन न चलने के कारण जनता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह तथ्य भी सही नहीं है कि हावड़ा-गया-इलाहाबाद-मानिकपुर-चित्रकूट-बांदा-झांसी सैक्टर में रेल लाइन क्षमता की तंगी है। इस सैक्टर पर अनेक ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। इनमें ट्रेनों का भीण अभाव है।

यह सही है कि नई दिल्ली में टर्मिनल-प्लेटफार्म व अनुरक्षण सुविधाओं का अभाव है किन्तु निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर उक्त सुविधाओं का कोई विशे अभाव नहीं है। इसलिए चम्बल एक्सप्रेस को ग्वालियर-आगरा से बढ़ा कर निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक रोजाना आसानी से चलाया जा सकता है और जनता को सुविधाएं दी जा सकती हैं। अतः चम्बल एक्सप्रेस के फेरे बढ़ा कर रोजाना चलाया जाए और इसे निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक भेजा जाए।